भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2337
उत्तर देने की तारीख 03.08.2026

वायनाड में एनएमसीएमआर

2337. श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेजीकरण, संरक्षण और बचाव करने की पहल कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय संस्कृति मानचित्रण मिशन (एनएमसीएमआर) के तहत वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जनसांख्यिकीय प्रोफाइल, कलाकारों और कला प्रथाओं सहित ग्राम-वार मानचित्रित सांस्कृतिक संपत्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेषकर उक्त निर्वाचन क्षेत्र में, कौशल उन्नयन और विपणन के माध्यम से कारीगरों की आजीविका में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का हस्तशिल्प आधारित ग्रामीण पर्यटन पहलों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) भारत में शिल्प ग्रामों का ब्यौरा क्या है, और मान्यता के लिए कोई लंबित प्रस्ताव हैं या नहीं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) का उद्देश्य व्यवस्थित प्रलेखन और सांस्कृतिक मानचित्रण के माध्यम से भारत की विविध मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को परिरक्षित और सुरक्षित रखना है।

एनएमसीएम के अंतर्गत मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पहल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के ग्राम स्तर पर मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का सांस्कृतिक मानचित्रण करती है। यह गांवों में प्रचलित सांस्कृतिक तत्वों की विस्तृत श्रृंखला का व्यापक प्रलेखन करती है जिसमें

उपलब्धतानुसार विरासत स्थल, कला रूप, प्रमुख कलाकार, वाचिक परंपराएं, आस्थाएं और रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय प्रसिद्ध स्थल, मेले और पर्व, पारंपरिक पोशाक, आभूषण और पारंपरिक भोजन शामिल हैं।

वर्तमान में, एमजीएमडी पहल के अंतर्गत लगभग 6.34 लाख गांवों के सांस्कृतिक प्रोफाइल का प्रलेखन किया जा चुका है।

(ख): वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के सांस्कृतिक प्रोफाइल को एमजीएमडी पोर्टल पर विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रलेखित किया गया है। इनमें सांस्कृतिक महत्व, विरासत स्थल, मेले और पर्व, पारंपरिक कला और शिल्प, पारंपरिक भोजन, परिधान और आभूषण, अस्थाएं और रीति-रिवाज, प्रमुख कलाकार, भौगोलिक और जनसांख्यिकीय प्रोफाइल के साथ-साथ विकासात्मक प्रोफाइल शामिल हैं।

यह जानकारी एमजीएमडी वेब-पोर्टल पर गांव-प्रोफाइल के अंतर्गत दर्ज की जाती है, न कि एकल घटकों के अनुसार। तदनुसार, अलग से श्रेणी-वार समेकित डेटा नहीं रखा जाता है। तथापि, उक्त निर्वाचन क्षेत्र के जिलों में मानचित्रित कलाकारों और कला रूपों की एक प्रतिनिधि सूची **अनुलग्नक-I** पर दी गई है।

(ग): एमजीएमडी का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक विरासत का प्रलेखन करना है। वर्तमान में, मिशन के अंतर्गत इस डेटाबेस को आर्थिक या कौशल विकास पहलों के साथ जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है।

(घ): एमजीएमडी वेब-पोर्टल ग्राम-स्तरीय सांस्कृतिक डेटा के एक डिजिटल संग्रह के रूप में कार्य करता है। तथापि, मिशन के अंतर्गत अब तक हस्तशिल्प आधारित ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशिष्ट पहल नहीं की गई है।

(ङ): एमजीएमडी का अधिदेश गांवों में प्रचलित शिल्प कार्यकलापों सहित सांस्कृतिक परिसंपत्तियों, जहां भी वे उपलब्ध हों, का प्रलेखन करना है न कि शिल्प गांवों को वर्गीकृत करना या मान्यता देना।

अनुलग्नक-I

'वायनाड में एनएमसीएमआर' के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2337 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एमजीएमडी पोर्टल पर प्रलेखित कुछ कलाकार और उनके संबंधित कला रूप :

कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री)	**कला रूप**	**जिला**
करिनकाली गोपी	गद्दीका (आदिया जनजातीय आनुष्ठानिक कला)	वायनाड
चाथी	जनजातीय ताल वाद्य संगीत (कट्टुनाइका)	वायनाड
पी.के. कालान (दिवंगत)	गद्दीका	वायनाड
सी.के. जानू	आदिया जनजातीय लोक गीत और वाचिक परंपराएं	वायनाड
एन.जे. चंदू	कुरिचिया जनजातीय लोक संगीत और नृत्य परंपराएं	वायनाड
यासिर कुरिक्कल	कोलकली	कोझिकोड
पी.के. नारायणन	थिरायाट्टम (थिरा)	कोझिकोड
कोलेरी शिवारामन	नाटक	कोझिकोड
मुहम्मद पेराम्बरा	नाटक	कोझिकोड
पार्थ सारथी	नाटक	मलप्पुरम
अम्बलप्पडी नारायणन	पूथमकली	मलप्पुरम
सुब्रह्मण्यन	बढ़ई	मलप्पुरम
सी राधाकृष्णन	लेखक	मलप्पुरम
सी के सुरेश	कोथुपनी	मलप्पुरम

वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एमजीएमडी पोर्टल पर प्रलेखित कुछ कला रूप :

कला रूप	**जिला**
गद्दीका (आदिया जनजातीय आनुष्ठानिक नृत्य-नाटक)	वायनाड
वट्टकली (पनिया जनजातीय नृत्य)	वायनाड
कोलकली (कुरुमा जनजातीय लोक नृत्य)	वायनाड
नेल्लुकुथु पट्टु (कुरिचिया कृषि गीत परंपरा)	वायनाड
कंबाला नृथम (आदिया कृषि नृत्य परंपरा)	वायनाड
अरवना मुट्ट	मलप्पुरम
मप्पिला पट्टु	कोझिकोड
मिट्टी के बर्तन	कोझिकोड
भित्ति चित्र	मलप्पुरम
केले के रेशे के उत्पाद	मलप्पुरम
कोल्कली	मलप्पुरम

*****